# मुहावरे और मुंशी जी की सनक


## स्वाध्याय

### परिच्छेद 1

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 5 पर दी गई पंक्तियाँ (1 से 17 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**
**[एक थे मुंशी जी, ......................**
**.............................. है आपका!]**


आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




**उत्तर:** 1. मुंशी जी पढ़ाने में बड़े मेहनती थे।
2. मुंशी जी बड़े होशियार थे।
3. मुंशी जी बला के तुनकमिजाज थे।
4. मुंशी जी सनकी भी थे।

**क्र.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 2. पढ़ाने-लिखानेवाला

**क्र.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. घर का आँगन आस-पड़ोस के लोगों से भरा हुआ था।

2. मुंशी जी का इकलौता लड़का माँ की लाश के पास गुम-सुम बैठा था।

3. लड़की माँ के गले लिपट-लिपटकर बुक्का फाड़कर रो रही थी।

**क्र.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. बीवी 2. लड़का

3. लड़की

**क्र.5. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मुंशी जी की मर गई
2. मुंशी जी यहाँ पढ़ाते थे
3. मुंशी जी ये हाथ में लिए घर की ओर लपके
4. मुंशी जी इसको चीरते हुए भीतर की ओर बढ़े

**उत्तर:** 1. बीवी 2. मदरसे
3. बेंत 4. भीड़

**क्र.6. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. लड़की मुंशी जी को देखकर और जोर से ______ लगी।

(झगड़ने, बोलने, रोने)

2. अब लड़की के मुँह से ______ भी फूट रहे थे।

(दाँत, बोल, बुलबुले)

3. तूने तो हमारे घर का ______ ही गुल कर दिया।

(चिराग, सामान, रुपया)

4. मुंशी जी की ______ हवा में लहराई।

(छड़ी, बेंत, पगड़ी)

**उत्तर:** 1. रोने 2. बोल
3. चिराग 4. बेंत

**क्र.7. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. 'हे भगवान, तूने यह अच्छा / क्या किया !'
2. मुंशी जी के कान में ज्यों ही ये शब्द / बात पड़े।
3. मुंशी जी की बेंत सड़ासड़ भीड़ / लड़की की पीठ पर पड़ने लगी।
4. लोग परेशान / हैरान रह गए।

**उत्तर**: 1. क्या 2. शब्द
3. लड़की 4. हैरान

**क्र.8. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मुंशी जी ने घर का चिराग गुल कर दिया। ☐
2. मुंशी जी को देखकर लड़की बुक्का फाड़कर रोने लगी। ☐
3. मुंशी जी को लड़की के मरने का गम था। ☐
4. लड़की मुहावरे से गलत रो रही थी। ☐

**उत्तर** 1. असत्य 2. सत्य
3. असत्य 4. सत्य

**क्र.9. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. 'मियाँ, होश में तो हो।'
2. "अफसोस इस बात का है कि यह कमबख्त मुंशी की लड़की होकर मुहावरे से गलत रो रही है..."

**उत्तर**: 1. यह वाक्य एक बुजुर्ग ने मुंशी जी से कहा।
2. यह वाक्य मुंशी जी ने एक बुजुर्ग से कहा।

**कृ.10. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

**1.**

**दो-एक ने आगे बढ़कर**

- मुंशी जी का हाथ पकड़ा।
- मुंशी जी को मारा।
- मुंशी जी को धक्का दिया।

**2.**

**एक बुजुर्ग ने अपनी पगड़ी सँभालते हुए**

- मुंशी जी को रोका।
- मुंशी जी को डाँटा।
- मुंशी जी से जवाब तलब किया।

**3.**

**गुस्सा बेचारी बच्ची पर**

- मत करो।
- उतार रहे हो।
- जरूर करो।

**4.**

**क्या मतलब मुंशी जी,**

- दिमाग तो ठीक है आपका!
- आज मदरसे नहीं गए।
- गुस्सा क्यों करते हो।

उत्तर: 1. दो-एक ने आगे बढ़कर **मुंशी जी का हाथ पकड़ा**।

2. एक बुजुर्ग ने अपनी पगड़ी सँभालते हुए **मुंशी जी से जवाब तलब किया**।

3. गुस्सा बेचारी बच्ची पर **उतार रहे हो**।

4. क्या मतलब मुंशी जी, **दिमाग तो ठीक है आपका**!

कृ.11.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:

1. "क्या कुसूर किया है इस बेचारी ने?"
2. 'मुहावरे से गलत रो रही है!' बुजुर्ग चौंके।
3. इस पर मुंशी जी बोले, 'कुसूर पूछते हो, इस नामुराद का!'
4. करना खुदा का कुछ ऐसा हुआ कि मुंशी जी की बीवी मर गई।

उत्तर: 1. करना खुदा का कुछ ऐसा हुआ कि मुंशी जी की बीवी मर गई।
2. "क्या कुसूर किया है इस बेचारी ने?"
3. इस पर मुंशी जी बोले, 'कुसूर पूछते हो, इस नामुराद का!'
4. 'मुहावरे से गलत रो रही है!' बुजुर्ग चौंके।

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्यालय | 2. | पागल |
| 3. | शव | 4. | दीपक |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मदरसा | 2. | सनकी |
| 3. | लाश | 4. | चिराग |

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आलसी | 2. | बेवकूफ |
| 3. | सवाल | 4. | खुशी |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मेहनती | 2. | होशियार |
| 3. | जवाब | 4. | गम |

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बीवी | 2. | खबरें |
| 3. | मदरसे | 4. | मुहावरा |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | एकवचन | 2. | बहुवचन |
| 3. | बहुवचन | 4. | एकवचन |

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए:**

1. लड़का　　　2. बच्ची

**उत्तर**: 1. पुल्लिंग　　　2. स्त्रीलिंग

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | म | द् | द | सा | र | ल |

2.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बे | मु | ना | सा | रा | द |

**उत्तर**: 1. मदरसा　　　2. नामुराद

**कृ.6. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

| |
|---|
| होशीयार, तुनुकमिजाज, पँगड़ी, चराग, कमबख्त, अफसोस, कुसूर, दमाग, |

**उत्तर**: तुनुकमिजाज, कमबख्त, अफसोस, कुसूर

**कृ.7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. गुम-सुम बैठना
2. बुक्का फाड़कर रोना
3. चिराग गुल होना
4. हैरान रह जाना
5. जवाब तलब करना

**उत्तर**: 1. **गुम-सुम बैठना** – चुपचाप बैठना।

**वाक्य**:निहार गृहकार्य करके नहीं आया था, इसलिए कक्षा में **गुम-सुम बैठा** था।

2. **बुक्का फाड़कर रोना** – जोर-जोर से रोना।

**वाक्य**:हिंदी की पुस्तक खो जाने के कारण माला **बुक्का फाड़कर रोने लगी**।

3. **चिराग गुल होना** – इकलौते पुत्र की मृत्यु होना।

**वाक्य**:रामबाबू बेहद दुखी हैं, क्योंकि उनके घर का **चिराग गुल हो गया है**।

4. **हैरान रह जाना** – अचरज में पड़ जाना।

**वाक्य**:दो सिर वाली बकरी देखकर सब **हैरान रह गए**।

5. **जवाब तलब करना** – उत्तर (स्पष्टीकरण) माँगना।

**वाक़्य**:कक्षा में खिड़की का शीशा टूट जाने के कारण प्रधानाध्यापक ने सब छात्रों से **जवाब तलब किया**।

**कृ.8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. घर की आँगन लोगों से भरा हुआ था।
2. भगवान के तो कुछ कर नहीं सकते।

**उत्तर**: 1. घर **का** आँगन लोगों से भरा हुआ था।

2. भगवान **का** तो कुछ कर नहीं सकते।

**कृ.9. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

1. लोग हैरान रह गए क्या मुंशी जी पागल हो गए हैं
2. मुहावरे से गलत रो रही है बुजुर्ग चौंके

**उत्तर**: 1. लोग हैरान रह गए – क्या मुंशी जी पागल हो गए हैं?

2. 'मुहावरे से गलत रो रही है!' बुजुर्ग चौंके।

**कृ.10. निम्नलिखित शब्दों में 'बे' उपसर्ग लगाकर फिर से लिखिए:**

1. खुद 2. वक्त

3. खबर 4. घर

उत्तर:

| उपसर्ग | शब्द | नया शब्द |
|---|---|---|
| बे | खुद | बेखुद |
| बे | वक्त | बेवक्त |
| बे | खबर | बेखबर |
| बे | घर | बेघर |

**कृ.11. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. जवाब 2. तलब

3. कुसूर 4. अफसोस

उत्तर:

| शब्द | प्रत्यय | नया शब्द |
|---|---|---|
| जवाब | दार | जवाबदार |
| तलब | गार | तलबगार |
| कुसूर | वार | कुसूरवार |
| अफसोस | जनक | अफसोसजनक |

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर लिखिए:**

1. करना खुदा का कुछ ऐसा हुआ कि मुंशी जी की बीवी मर गई।
2. लड़की माँ के गले लिपट-लिपटकर रो रही थी।
3. मुंशी जी के कान में ज्यों ही ये शब्द पड़े।
4. 'हे भगवान, तूने यह क्या किया!'

**उत्तर**: 1. कि – समुच्चयबोधक अव्यय

2. लिपट-लिपटकर – क्रियाविशेषण अव्यय
3. ज्यों – समुच्चयबोधक अव्यय
4. हे भगवान! – विस्मयादिबोधक अव्यय

**कृ.13.रेखांकित शब्दों में से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रिया छाँटकर लिखिए:**

1. एक थे मुंशी जी, पढ़ाने में बड़े मेहनती, बड़े होशियार, लेकिन बला के तनकमिजाज और सनकी।

2. करना खुदा का कुछ ऐसा हुआ कि मुंशी जी की बीवी मर गई।
3. खुद उस वक्त मदरसे में थे।
4. किसी ने जाकर खबर दी तो बेंत हाथ में लिए लपके घर की ओर।

उत्तर:

| | संज्ञा | सर्वनाम | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मुंशी | – | पढ़ाने (पढ़ाना) | मेहनती, होशियार, तुनकमिजाज, सनकी |
| 2. | खुदा, बीवी | – | हुआ (होना), मर गई | – |
| 3. | मदरसे | खुद | – | – |
| 4. | बेंत, हाथ, घर | किसी | जाकर (जाना), दी (देना), लपके (लपकना) | – |

**क्र.14.कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए:**

1. घर का आँगन आस-पड़ोस के लोगों से भरा हुआ था।
(अपूर्ण वर्तमानकाल)

2. लड़की उन्हें देखकर और जोर से रोने लगी।
(सामान्य वर्तमानकाल)

**उत्तर**: 1. घर का आँगन आस-पड़ोस के लोगों से भर रहा है।

2. लड़की उन्हें देखकर और जोर से रोती है।

**क्र.15.निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. तुनुकमिजाज 2. नामुराद

**उत्तर**: 1. दिनेश इतना **तुनुकमिजाज** है कि छोटी-छोटी बातों पर चिढ़ जाता है।

2. सोनिया इतनी **नामुराद** है कि उसका हर काम बिगड़ जाता है।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. अपनी बीवी की मौत की खबर सुनकर जब मुंशी जी घर पहुँचे तो वहाँ किस प्रकार का वातावरण था?**

**उत्तर**: एक दिन जब मुंशी जी मदरसे में पढ़ा रहे थे, उसी वक्त उन्हें अपनी बीवी की मौत की खबर मिली। खबर पाते ही मुंशी जी बेंत हाथ में लिए ही तुरंत घर की ओर लपके। जब मुंशी जी अपने घर पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि उनके घर का आँगन आस-पड़ोस के लोगों से भरा हुआ था।

मुंशी जी का इकलौता लड़का अपनी माँ की लाश के पास गुम-सुम-सा बैठा था। उनकी लड़की अपनी माँ के गले से लिपट-लिपटकर बुक्का फाड़कर रो रही थी। अपने पिता को घर पर आया देखकर मुंशी जी की बेटी और जोर से रोने लगी।

इस प्रकार जब मुंशी जी घर पहुँचे, तो उनके घर का वातावरण बहुत शोकमय था।

**2. मुंशी जी ने बेटी की धुलाई क्यों की? लोगों ने उनपर कैसे ताने कसे?**

उत्तर: मुंशी जी बड़े सनकी व्यक्ति थे। बीवी की मौत पर उनकी बेटी ने गलत मुहावरा बोल दिया। उन्हें यह बात बहुत बुरी लगी कि मुंशी की बेटी होकर भी वह गलत मुहावरे का प्रयोग कर रही है। यह वे बर्दाश्त नहीं कर सके और गुस्से से उन्होंने अपनी बेटी की धुलाई कर दी। मुंशी जी का यह अजब व्यवहार देखकर उनके घर पर उपस्थित सभी लोग हैरान रह गए। उन्हें लगा मुंशी जी बीवी के गम में पागल हो गए हैं। एक बुजुर्ग ने उनसे पूछा कि वे होश में नहीं हैं क्या? भगवान का तो कुछ कर नहीं सकते इसलिए वे क्यों अपना सारा गुस्सा बच्ची पर उतार रहे हैं? इस प्रकार लोगों ने मुंशी जी पर ताने कसे।

### स्वमत अभिव्यक्ति

कृ.1. **किसी तुनकमिजाज व्यक्ति के साथ अपना अनुभव लिखिए।**

उत्तर: मेरी मौसी इंदौर में रहती हैं। बचपन में एक बार मैं उनके घर गया था। मौसी के पड़ोस में एक खाँ साहब रहते हैं। वे इंदौर घराने के गायक हैं। वे चाहते हैं कि उनके सभी बच्चे शास्त्रीय संगीत के पक्के गायक बनें इसलिए वे सुबह-शाम बच्चों से रियाज कराते रहते हैं। उनका छोटा बेटा मेरी उम्र का है। मेरी उससे दोस्ती हो गई थी। एक दिन उसने मुझसे मायकल जैक्सन का गाना गाने के लिए कहा। उसने वह गाना याद कर लिया। शाम को रियाज के बाद वह वही गाना गाने लगा। खाँ साहब को कतई पसंद नहीं था कि उनके घर में कोई भी फिल्मी गाना गाए। बेटे को अंग्रेजी गाना गाते देख वे आग-बबूला हो गए। उन्होंने बेटे को खूब फटकार लगाई और उसको यह सजा दी कि अगले दस दिन तक वह 10-10 घंटे रियाज करेगा और जो भी बात करेगा वह शास्त्रीत संगीत में ही करेगा। बेटा गलती से भी कोई वाक्य कहता तो तुनुकमिजाज खाँ साहब सड़ाक से एक छड़ी मारते। खाँ साहब की शास्त्रीय संगीत के प्रति ऐसी सनक देखकर मैं दंग रह गया।

## परिच्छेद 2

अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 5, 6 पर दी गई पंक्तियाँ (18 से 32 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:

['जी हाँ, मैं .......................

............................... जान लेकर रहेगा।]

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. वे बिलकुल होश में हैं।

2. लड़की मुहावरे से गलत रो रही है।


3. कहती है – घर का चिराग ही गुल कर दिया।

4. यह मुहावरा घर के इकलौते बेटे के मरने पर कहा जाता है।

5. बेटा घर का चिराग होता है।

6. मेरा बेटा तो सही सलामत है।


**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर**: 1. माँ के मरने पर लड़की मुहावरे से गलत रोई।

2. मुंशी जी ने लड़की की खूब धुलाई की।

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर**: 1. जो भी सुनता दाँतों तले उँगली दबाता।

2. मुंशी जी को जली-कटी सुनाता कि भाड़ में जाएँ मुंशी जी।

3. लोग कहते कि आग लगे मुंशी जी के मुहावरों को।

4. फूल-सी नाजुक लड़की को बिना बात धुनकर रख दिया।


कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. मुंशी जी का गली-मुहल्ले में निकलना मुहाल हो गया।

2. मुंशी जी कई दिनों तक घर से बाहर नहीं निकले।


कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. मुंशी जी का कलेजा मुँह को आ जाता।

2. मुंशी जी की आँखें भर-भर आतीं।

**कृ.6. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. काहे का घंटा है? 2. क्या पढ़ाना है?

**कृ.7. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. जो भी सुनता दाँतों तले दबाता ☐
2. मुंशी जी को लोग सुनाते ☐
3. मुंशी जी इसमें जाएँ ☐
4. मुंशी जी के मुहावरों को लगे ☐

**उत्तर:** 1. उँगली 2. जली-कटी

3. भाड़ 4. आग

**कृ.8. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. फूल-सी ________ लड़की को बिना बात धुनकर रख दिया।

(प्यारी, नाजुक, सुंदर)

2. मुंशी जी का गली-मुहल्ले में निकलना ________ हो गया।

(मुहाल, मुश्किल, मना)

3. बेचारे कई दिनों तक ________ से बाहर नहीं निकले।

(बाजार, कमरे, घर)

4. बेचारे मुंशी जी का ________ मुँह को आ जाता।

(नाम, कलेजा, दिल)

**उत्तर**: 1. नाजुक 2. मुहाल

3. घर 4. कलेजा

**कृ.9. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मुंशी जी को बीवी के जाने / मरने का गम था।
2. एक हफ्ते बाद किसी तरह मदरसे / मंदिर पहुँचे।

**उत्तर**: 1. जाने 2. मंदिर

**कृ.10. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मुंशी जी का बेटा सही सलामत था। ☐
2. जो भी सुनता मुंशी जी को जली-कटी खाने को देता। ☐
3. बच्चों को देखकर मुंशी जी की आँखें भर-भर आतीं। ☐
4. मुंशी जी थके-थके कदमों से खुशी-खुशी क्लास में दाखिल हुए। ☐

**उत्तर**: 1. सत्य 2. असत्य

3. सत्य 4. असत्य

**कृ.11.उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | घर का | अ. | उँगली |
| 2. | गलत | ब. | आग |
| 3. | जंगल की | क. | मुहावरा |
| 4. | दाँतों तले | ड. | चिराग |

**उत्तर:** (1 - ड), (2 - क), (3 - ब), (4 - अ)।

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "जी हाँ, मैं बिलकुल होश में हूँ।"
2. "जी, आपने पिछली बार कहा था कि अगली बार मुहावरे पढ़ाऊँगा।"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य मुंशी जी ने बुजुर्ग से कहा।

2. यह वाक्य मानीटर ने मुंशी जी से कहा।

**कृ.13.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

**1.**

**बेटा घर का**

- प्यारा होता है न!
- दुलारा होता है न!
- चिराग होता है न!

**2.**

**दोनों बच्चों की माँ की याद में**

- रोई-रोई सूरतें।
- बुरा हाल।
- नींद न आना।

3.

**सुनकर मुंशी जी के**
- होश उड़ गए।
- प्राण सूख गए।
- कान पक गए।

4.

**हे भगवान, मुहावरे ने अब तक**
- याद नहीं किया।
- रंग नहीं दिखाया।
- पीछा नहीं छोड़ा।

उत्तर: 1. बेटा घर का **चिराग होता है न**!

2. दोनों बच्चों की माँ की **याद में रोई-रोई सूरतें**।

3. सुनकर मुंशी जी के **प्राण सूख गए**।

4. हे भगवान, मुहावरे ने अब तक **पीछा नहीं छोड़ा**।

**कृ.14.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. बेचारे कई दिन तक घर से बाहर नहीं निकले।
2. सुनकर मुंशी जी के प्राण सूख गए।
3. थके-थके कदमों से भारी मन लिए क्लास में दाखिल हुए।
4. 'जी हाँ, मैं बिलकुल होश में हूँ।'

उत्तर: 1. 'जी हाँ, मैं बिलकुल होश में हूँ।'

2. बेचारे कई दिन तक घर से बाहर नहीं निकले।

3. थके-थके कदमों से भारी मन लिए क्लास में दाखिल हुए।

4. सुनकर मुंशी जी के प्राण सूख गए।

## व्याकरण कृतियाँ

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. सचेत 2. अभागन

3. कोमल 4. मुश्किल

उत्तर: 1. होश 2. बदनसीब

3. नाजुक 4. मुहाल

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. सही 2. पीछे

3. खुशी 4. हल्का

उत्तर: 1. गलत 2. सामने

3. गम 4. भारी

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. मुहल्ले 2. लड़की

3. गली 4. सूरतें

**उत्तर**: 1. मुहल्ला 2. लड़कियाँ
3. गलियाँ 4. सूरत

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

1. बेटी 2. बच्चा

**उत्तर**: 1. बेटा 2. बच्ची

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | खु | सी | न | द | दा | ब |

2.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ह | म | स | द | ला | त |

**उत्तर**: 1. बदनसीब 2. सलामत

**कृ.6. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

| | | |
|---|---|---|
| जनाब, | एकलौता, | बदनसीब, |
| अंगुली, | मुहाल, | इकलौता, |
| उँगली, | मुहल्ला | |

**उत्तर:** जनाब, बदनसीब, मुहाल, इकलौता, उँगली, मुहल्ला

**कृ.7. निम्नलिखित मुहावरों की उनके अर्थ के साथ जोड़ियाँ मिलाइए:**

1. भाड़ में झोंकना
2. भाड़ में जाना
3. मुहाल होना
4. कलेजा मुँह को आना

अ. उपेक्षा करना
ब. मुश्किल में पड़ जाना
क. बहुत दुखी होना
ड. नष्ट या बर्बाद करना

**उत्तर:** (1 - ड), (2 - अ), (3 - ब), (4 - क)।

**क्र.8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. आँखें भर-भर आना
2. प्राण सूख जाना
3. जंगल की आग की तरह फैलना
4. दाँतों तले उँगली दबाना
5. जलो-कटी सुनाना

**उत्तर**: 1. **आँखें भर-भर आना** – दुखी होना।

**वाक्य**:गरीबों की दीन-दशा देखकर सीता की **आँखें भर-भर आती** थीं।

2. **प्राण सूख जाना** – भयभीत हो उठना।

**वाक्य**:अचानक जंगल में अजगर को देखकर मोहित के **प्राण सूख गए**।

3. **जंगल की आग की तरह फैलना** – तेजी से फैलना।

**वाक्य**:सोनू ने चोरी की यह बात पूरे विद्यालय में **जंगल की आग की तरह फैल गई**।

4. **दाँतों तले उँगली दबाना** – हैरान रह जाना।

**वाक्य**:छोटी बच्ची को रस्सी पर करतब करते देख हमने **दाँतों तले उँगली दबा ली**।

5. **जली-कटी सुनाना** – भला-बुरा कहना।

**वाक्य**:छोटी-सी गलती पर सास ने बहू को खूब **जली-कटी सुनाई**।

**क्र.9. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. घर की चिराग ही गुल कर दिया।
2. फूल-सी नाजुक लड़की का धुनकर रख दिया।

**उत्तर**: 1. घर **का** चिराग ही गुल कर दिया।

2. फूल-सी नाजुक लड़की **को** धुनकर रख दिया।

**कृ.10.निम्नलिखित वाक्य में आए विरामचिह्नों के नाम लिखिए:**

1. अरे, यह मुहावरा तो घर के इकलौते बेटे के मरने पर कहा जाता है, बेटा घर का चिराग होता है न!
2. "काहे का घंटा है!" मुंशी जी ने पूछा।

**उत्तर**: 1. (,) : अल्पविराम,


(!) : विस्मयादिबोधक चिह्न

2. ("") : युगल अवतरण चिह्न,

(?) : प्रश्न चिह्न,

(।) : पूर्ण विराम


**कृ.11.परिच्छेद में आए 'बदनसीब' शब्द से 'बद' उपसर्ग लगाकर चार नए शब्द बनाइए:**




**उत्तर**: 1. बदहाल 2. बदतमीज

3. बदनाम 4. बदजुबान

**कृ.12.निम्नलिखित शब्दों में 'ई' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**



उत्तर:

| शब्द | प्रत्यय | नए शब्द |
|---|---|---|
| गलत | ई | गलती |
| सलामत | ई | सलामती |
| बाहर | ई | बाहरी |
| गम | ई | गमी |

**कृ.13.परिच्छेद में से 'और' समुच्चयबोधक अव्यय प्रयुक्त हुए वाक्य छाँटकर लिखिए:**

**उत्तर:** 1. माँ के मरने पर लड़की मुहावरे से गलत रोई **और** मुंशी जी ने उसकी खूब धुलाई की।

2. जो भी सुनता दाँतों तले उँगली दबाता **और** मुंशी जी को जली-कटी सुनाता।

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. माँ के मरने पर लड़की मुहावरे से गलत रोई और मुंशी जी ने उसकी खूब धुलाई की।
2. फूल-सी नाजुक लड़की को बिना बात धुनकर रख दिया।

**उत्तर:** 1. माँ, लड़की, मुहावरे, मुंशी

2. लड़की, बात

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण खोजकर लिखिए:**

1. यह बदनसीब मुहावरे से गलत रो रही है।
2. थके-थके कदमों से भारी मन लिए क्लास में दाखिल हुए।

**उत्तर**: 1. बदनसीब, गलत 2. थके-थके, भारी

**कृ.16.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. 'जी हाँ, मैं बिलकुल होश में हूँ।'
2. 'जी आपने पिछली बार कहा था कि मैं अगली बार मुहावरे पढ़ाऊँगा।'

**उत्तर**: 1. मैं 2. आपने, मैं

**कृ.17.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाएँ खोजकर लिखिए:**

1. बेचारे मुंशी जी का कलेजा मुँह को आ जाता।
2. एक हफ्ते बाद मदरसे पहुँचे।

**उत्तर**: 1. आ जाता 2. पहुँचे

**कृ.18.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. बेचारे कई दिन तक बाहर नहीं निकले थे।
2. एक हफ्ते बाद मदरसे पहुँचे।
3. अगली बार मुहावरे पढ़ाऊँगा।
4. मुंशी जी के प्राण सूख गए।

**उत्तर**: 1. पूर्ण भूतकाल
2. सामान्य भूतकाल
3. सामान्य भविष्यकाल
4. सामान्य भूतकाल

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**कृ.1. मदरसे में मुंशी जी किन घटनाओं से परेशान हुए?**

**उत्तर:** मुंशी जी को मुहावरों का बड़ा ज्ञान था। उन्हें यह बात बिलकुल भी पसंद नहीं थी कि कोई भी मुहावरों का गलत प्रयोग करे या उनके अर्थ के साथ जरा-भी छेड़खानी करे। मुहावरे का गलत प्रयोग करने पर उन्होंने अपनी बेटी तक की पिटाई कर दी थी। इस घटना के कारण मुहल्ले भर में उनकी बड़ी बेइज्जती हुई। बीवी की मौत के एक हफ्ते बाद जब वे मदरसे वापस पहुँचे, तो उन्हें पता चला कि उन्हें वहाँ मुहावरे पढ़ाने हैं। मुंशी जी मुहावरे की वजह से हुई अपनी बेवकूफी की बात से अपना पीछा छुड़ाना चाह रहे थे, पर उन्हें कक्षा में मुहावरा पढ़ाना था। इस पर कक्षा में मानीटर ने भी मुहावरे का गलत प्रयोग कर दिया।

इस प्रकार मुहावरे पढ़ाने की बात पर मुंशी जी मदरसे में परेशान हुए।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

कृ.1. **बुजुर्गों की नसीहत हमेशा माननी चाहिए।**

उत्तर: हमें अपने आस-पड़ोस के बुजुर्गों की सलाह अवश्य माननी चाहिए। इन बुजुर्गों के पास जीवन के अनुभवों का खजाना होता है। अनुभव के बिना ज्ञान अधूरा है। हमारे पास ज्ञान तो होता है, मगर अनुभवों की कमी होती है, जबकि ये बुजुर्ग जिंदगी की प्रयोगशाला में कई अनुभव प्राप्त कर चुके होते हैं, ये हमें बताते हैं कि हम जो काम कर रहे हैं वह सही है या गलत और उसका परिणाम क्या हो सकता है? हम उनका सम्मान करते हैं, इसलिए हम उनकी सलाह मान लेते हैं जिसका आगे चलकर लाभ होता है। यदि हम गलती करते हैं, तो हमारे माता-पिता सुधारते हैं और यदि हमारे माता-पिता कोई गलती कर रहे हों, तो हमारे घर के या पास-पड़ोस के बुजुर्ग उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। इसलिए मेरे मतानुसार हमें अपने बुजुर्गों की सलाह माननी चाहिए।

## परिच्छेद 3


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 6 पर दी गई पंक्तियाँ (33 से 47 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[तभी बराबर की .......................**

**.............................. घर चले गए।]**

आकलन कृतियाँ


कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. क्लास में पंडित जी नहीं थे।

2. लड़कों ने आसमान सिर पर उठा रखा था।

कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. मुहावरे में अपनी तरफ से कोई भी ठूँस-ठाँस करना।

2. मुहावरे के शब्दों में जरा भी हेर-फेर करना।

3. मुहावरे के शब्दों का क्रम बदलना।

4. मुहावरे के किसी शब्द के स्थान पर उसका पर्यायवाची शब्द रख देना।

कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:





उत्तर: 1. साँप सूँघ गया

2. नाक में दम होना

3. दिमाग आसमान पर होना

4. राम भजो
5. हाथों-हाथ लेना
6. आँखों-आँखों में बात होना
7. बातों-बातों में हाथापाई होना

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:**
1. नाग सूंघ गया
2. आँख में दम
3. मस्तिष्क आसमान पर होना
4. खुदा भजो

**कृ.5. परिच्छेद के आधार पर उत्तर लिखिए:**

1. लिया जाता है – ☐
2. बात होती है – ☐
3. हाथापाई हो जाती है – ☐

**उत्तर:** 1. हाथों-हाथ 2. आँखों-आँखों में
3. बातों-बातों में

कृ.6. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

1. तभी बराबर की क्लास में ज़ोर का _______ मचा।

(शोर, हुल्लड़, घंटा)

2. आसमान भी क्या कोई _______ है, जो लड़के 'अपने' सिर पर उठा लेंगे।

(सख्त, दरख्त, तख्त)

3. मुहावरे के किसी शब्द के स्थान पर उसका _______ रख देना असली मुहावरे की हत्या कर देना है।

(समानार्थी, पर्यायवाची, विरुद्धार्थी)


4. 'राम भजो' की जगह 'खुदा भजो' मजा _______ कर देगा।

(सरफिरा, अधूरा, किरकिरा)

उत्तर: 1. हुल्लड़ 2. तख्त

3. पर्यायवाची 4. किरकिरा

कृ.7. आकृति पूर्ण कीजिए:



**उत्तर**: 1. वह भारी मन से उठे।

2. उन्होंने छड़ी सँभाली।

3. वह क्लास छोड़कर चले गए।

**कृ.8. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मुंशी जी की पसलियों / त्यौरियों पर बल पड़ गए।
2. बातों-बातों में जगहँसाई / हाथापाई हो जाती है।

**उत्तर**: 1. त्यौरियों 2. हाथापाई

**कृ.9. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. बराबर की क्लास में पंडित जी नहीं थे। ☐
2. मुंशी जी खुद पता लगाने गए। ☐
3. मानीटर ने आसमान सिर पर उठा रखा है। ☐
4. मुंशी जी मानीटर को डाँट क्लास छोड़कर घर चले गए। ☐

**उत्तर**: 1. सत्य 2. असत्य

3. असत्य 4. सत्य

**कृ.10. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. 'क्या कहा, जरा फिर से तो कहना।'

यह वाक्य ☐ ने ☐ से कहा।

2. 'जी.... जी, क्लास में पंडित जी नहीं हैं और लड़कों ने आसमान अपने सर पर उठा रखा है।'

यह वाक्य ☐ ने ☐ से कहा।

**उत्तर**: 1. मुंशी जी, मानीटर 2. मानीटर, मुंशी जी

**कृ.11.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

**1.**

**अपनी तरफ से 'अपने' जोड़कर**

- सही मुहावरे की बेइज्ज़ती कर दी।
- सही मुहावरे की फजीहत कर दी।
- सही मुहावरे की ऐसी-तैसी कर दी।

**2.**

**अब इसका मतलब**

- 'बात बनाना' नहीं रहा।
- 'शोर मचाना' नहीं रहा।
- 'दमखम दिखाना' नहीं रहा।

**उत्तर**: 1. अपनी तरफ से 'अपने' जोड़कर **सही मुहावरे की ऐसी-तैसी कर दी।**


2. अब इसका मतलब **'शोर मचाना' नहीं रहा।**

**क्र.12.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. मुंशी जी का क्लास छोड़कर घर चले जाना।
2. क्लास में जोर का हुल्लड़ मचना।
3. मुंशी जी का गरजना।
4. मानीटर द्वारा गलत मुहावरे का इस्तेमाल करना।

**उत्तर**: 1. क्लास में ज़ोर का हुल्लड़ मचना।
2. मानीटर द्वारा गलत मुहावरे का इस्तेमाल करना।
3. मुंशी जी का गरजना।
4. मुंशी जी का क्लास छोड़कर घर चले जाना।

**क्र.13.आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर**: 1. मुंशी जी 2. मानीटर
3. पंडित जी

कृ.14. मुंशी जी के गुस्से से पता चलता है कि –

मुंशी जी के गुस्से से पता चलता है कि –

अ. वह मुहावरों को लेकर बेहद लापरवाह व्यक्ति हैं।

ब. वह मुहावरों को लेकर बेहद सजग व्यक्ति हैं।

क. वह मुहावरों को लेकर बेहद चिड़चिड़े व्यक्ति हैं।

उत्तर: ब. वह मुहावरों को लेकर बेहद सजग व्यक्ति हैं।

## व्याकरण कृतियाँ

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. शोर – 1
2. गगन – 2
3. समानार्थी – 3
4. डरना – 4

**उत्तर**: 1. हुल्लड़ 2. आसमान
3. पर्यायवाची 4. सहमना

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. धीरे — 1
2. समझदार — 2
3. विरुद्धार्थी — 3
4. नकली — 4

**उत्तर**: 1. जोर 2. बेवकूफ
3. पर्यायवाची 4. असली

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखिए:**

1. लड़का — ☐
2. त्यौरी — ☐
3. आँखें — ☐
4. बातें — ☐

**उत्तर**: 1. एकवचन 2. एकवचन
3. बहुवचन 4. बहुवचन

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए:**

1. मुंशी
2. लड़की
3. पंडित
4. नागिन

**उत्तर:** 1. पुल्लिंग 2. स्त्रीलिंग
3. पुल्लिंग 4. स्त्रीलिंग

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न | मा | स | आ |
| 2. | ई | था | पा | हा |

**उत्तर:** 1. आसमान 2. हाथापाई

**कृ.6. परिच्छेद में आए निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के अर्थ हिंदी में लिखिए:**

1. क्लास
2. मानीटर

**उत्तर:** 1. कक्षा 2. कक्षानायक

**कृ.7. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध शब्द लिखिए:**

1. हूलल्ड
2. मसतिष्क

**उत्तर:** 1. हुल्लड़ 2. मस्तिष्क

**क्र.8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. हुल्लड़ मचना
2. आसमान सिर पर उठाना
3. त्यौरियों पर बल पड़ना
4. हेर-फेर करना

**उत्तर:** 1. **हुल्लड़ मचना** – शोर मचना।

**वाक्य:**अध्यापक की अनुपस्थिति में बच्चे कक्षा में **हुल्लड़ मचा रहे थे**।

2. **आसमान सिर पर उठाना** – अत्याधिक शोर मचाना।

**वाक्य:**घड़ी खो जाने पर अमिता ने **आसमान सिर पर उठा लिया**।

3. **त्यौरियों पर बल पड़ना** – क्रोधित होना।

**वाक्य:**बेटे द्वारा परीक्षा में कम अंक लाने पर राम के पिता की **त्यौरियों पर पड़ा बल** साफ दिखाई दे रहा था।

4. **हेर-फेर करना** – क्रम में बदलाव लाना।

**वाक्य:**नई कक्षा में जाते ही सभी बच्चों के अनुक्रमांक में **हेर-फेर हो गया**।

कृ.9. निम्नलिखित मुहावरों की उनके अर्थ के साथ जोड़ियाँ मिलाइए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | साँप सूँघ जाना | अ. | बहुत माँग होना |
| 2. | नाक में दम आना | ब. | बहुत परेशान होना |
| 3. | दिमाग आसमान पर होना | क. | इशारे करना |
| 4. | मजा किरकिरा कर देना | इ. | बिगड़े हुए दिमाग का होना |
| 5. | हाथों-हाथ लेना | ई. | छोटी-सी बात पर लड़ पड़ना |
| 6. | आँखों-आँखों में बात होना | उ. | चेतना शून्य होना |
| 7. | बातों-बातों में हाथापाई होना | ऊ. | आनंद में बाधा डालना |

**उत्तर**: (1 - उ), (2 - ब), (3 - इ), (4 - ऊ), (5 - अ), (6 - क), (7 - ई)।

कृ.10. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:

1. तभी बराबर का क्लास में जोर की हुल्लड़ मचा।
2. अब क्या 'साँप सूँघ गया' के जगह 'नाग सूँघ गया' कहोगे।

**उत्तर**: 1. तभी बराबर **की** क्लास में जोर **का** हुल्लड़ मचा।

2. अब क्या 'साँप सूँघ गया' **की** जगह 'नाग सूँघ गया' कहोगे।

**कृ.11.कोष्ठक में दिए विरामचिह्नों का उचित प्रयोग करके वाक्य पुनः लिखिए:**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| । | ' | ' | : | ! | " | " | । | , |

1. अरे नालायक मुंशी जी गरजे आसमान भी क्या कोई तख्त है जो लड़के अपने सिर पर उठा लेंगे
2. बेवकूफ अपनी तरफ से अपने जोड़कर तूने सही मुहावरे की ऐसी-तैसी कर दी

**उत्तर**: 1. 'अरे, नालायक!' मुंशी जी गरजे : "आसमान भी क्या कोई तख्त है जो लड़के 'अपने' सिर पर उठा लेंगे।"

2. "बेवकूफ अपनी तरफ से 'अपने' जोड़कर तूने सही मुहावरे की ऐसी-तैसी कर दी।"

**कृ.12.निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. सिर
2. दम

**उत्तर**: 1. बे + सिर
बेसिर

2. बे + दम
बेदम

**कृ.13.निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. हुल्लड़
2. बेवकूफ
3. क्रम
4. दम

**उत्तर**: 1. हुल्लड़ + बाजी
हुल्लड़बाजी

2. बेवकूफ + आना
बेवकूफाना

3. क्रम + वार
क्रमवार

4. दम + दार
दमदार

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. क्या कहा, जरा फिर से तो कहना!
2. लड़कों ने आसमान अपने सिर पर उठा रखा है।
3. 'अरे, नालायक!' मुंशी जी गरजे।
4. तूने सही मुहावरे की ऐसी-तैसी कर दी।

**उत्तर**: 1. जरा – क्रियाविशेषण अव्यय

2. पर – संबंधसूचक अव्यय
3. अरे – विस्मयादिबोधक अव्यय
4. ऐसी-तैसी – क्रियाविशेषण अव्यय

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के शब्द भेद पहचानकर लिखिए:**

1. तभी बराबर की क्लास में जोर का हुल्लड़ मचा।
2. मुंशी जी ने मानीटर को भेजा कि क्या बात है, पता लगाओ।

उत्तर:

| | संज्ञा | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|---|
| 1. | क्लास | हुल्लड़ मचा | बराबर, जोर |
| 2. | मुंशी, मानीटर | भेजा (भेजना) | सुंदर |

**कृ.16.कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुन: लिखिए:**

1. मुंशी जी ने मानीटर को भेजा। (सामान्य भविष्यकाल)
2. मुंशी जी की त्यौरियों पर बल पड़ गए। (सामान्य वर्तमानकाल)
3. लड़के अपने सिर पर आसमान उठा लेंगे। (अपूर्ण भूतकाल)
4. 'आँखों-आँखों' में बात होती थी। (पूर्ण वर्तमानकाल)

**उत्तर**:
1. मुंशी जी मानीटर को भेजेंगे।
2. मुंशी जी की त्यौरियों पर बल पड़ जाते हैं।
3. लड़के अपने सिर पर आसमान उठा रहे थे।
4. 'आँखों-आँखों' में बात हो गई है।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. 'आसमान अपने सिर पर उठा रखा है' – मुहावरे का गलत प्रयोग सुनकर मुंशी जी ने किन बातों का स्पष्टीकरण दिया?**

**उत्तर:** मुंशी जी जब मदरसे पहुँचे, तो उनकी बराबर की क्लास में जोर से हुल्लड़ मचा। मानीटर ने पता लगाकर मुंशी जी को बताया कि पंडित जी के न होने के कारण लड़कों ने आसमान अपने सिर पर उठा रखा है। मुहावरे का गलत प्रयोग सुनते ही मुंशी जी गुस्सा हो गए। उन्होंने मानीटर से कहा कि मुहावरे में अपनी तरफ से 'अपने' शब्द जोड़कर उसने सही मुहावरे की ऐसी-तैसी कर दी। अब इसका मतलब 'शोर मचाना' नहीं रहा। मानीटर को हिदायत देते हुए मुंशी जी बोले कि मुहावरे में अपनी तरफ से कोई भी ठूँस-ठाँस करना, उसके शब्दों में जरा भी हेर-फेर करना या शब्दों का क्रम बदलना अथवा उसके

किसी शब्द के स्थान पर पर्यायवाची शब्द रख देना असली मुहावरे की हत्या कर देना है।

इस प्रकार मुंशी जी ने उपरोक्त बातों का स्पष्टीकरण दिया।

**क्र.2. मुंशी जी ने मुहावरों के सही प्रयोग के बारे में किन-किन मुहावरों का उदाहरण के तौर पर प्रयोग किया है?**

**उत्तर:** मुंशी जी के मतानुसार मुहावरों में ठूँस-ठाँस करना, शब्दों में हेर-फेर करना, शब्दों का क्रम बदलना अथवा किसी शब्द के बदले पर्यायवाची शब्द रखने से असली मुहावरे की हत्या हो जाती है। उदाहरण देते हुए मुंशी जी ने कहा कि 'साँप सूँघ गया' की जगह 'नाग सूँघ गया' कहना सही नहीं है। दम 'आँख' में नहीं आता है 'नाक' में आता है। लोग 'दिमाग आसमान पर होना' बोलते हैं ना कि 'मस्तिष्क आसमान पर होना'। 'राम भजो' की जगह 'खुदा भजो' प्रभावी नहीं है। 'आँखों-आँखों' में बात होती है और 'बातों-बातों' में हाथापाई हो जाती है।

इस प्रकार मुंशी जी ने मुहावरों के सही प्रयोग के बारे में कई आवश्यक उदाहरण बताए।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**कृ.1. शिक्षक के कक्षा में न रहने पर इस तरह अनुशासन बनाए रखना चाहिए।**

| | |
|---|---|
| 1. ______ | 2. ______ |
| 3. ______ | 4. ______ |

**उत्तर**: 1. अपनी ही कक्षा में चुपचाप बैठना चाहिए।

2. जिस विषय का पीरियड हो उस विषय की पढ़ाई करनी चाहिए।

3. कक्षा से अंदर-बाहर नहीं जाना चाहिए।

4. स्वयं भी चुप रहना चाहिए और दूसरे विद्यार्थियों को भी चुप रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।